# प्रारूप – 11

परियोजना का नाम :– जनपद नैनीताल में एस0सी0पी0 के अन्तर्गत देवीधुरा से धापला मोटर मार्ग का नव निर्माण।

जनपद नैनीताल में एस0सी0पी0 के अन्तर्गत देवीधुरा से धापला मोटर मार्ग का नव निर्माण हेतु 827/(1)।।।–2/05 दिनांक 28.03.2006 द्वारा 10.00 किमी0 लम्बाई हेतु रू0 178.00 लाख की स्वीकृति प्राप्त है। जिसके अनुसार मार्ग का नव निर्माण किया जा रहा है।

यह मार्ग बोहरागांव से प्रारम्भ होकर ग्राम धापला तक जाता है। यह मार्ग पूर्ण लम्बाई में आरक्षित वन भूमि से ही जा रही है। वर्तमान मं देवीधुरा से बसानी तक ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत बोहरागांव तक 4.500 किमी0 लम्बाई में मार्ग निर्मित हो चुका है। इसलिए मार्ग की लम्बाई 5.500 किमी0 ली गयी है। बोहरागांव से आगे ही मार्ग का निर्माण धापला गॉव तक किया जायेगा और वन भूमि प्रस्ताव भी 5.50 किमी0 लम्बाई के ही गठित किये गये हैं।

इस मार्ग पर पूर्ण लम्बाई में आरक्षित वन भूमि प्रभावित हो रही है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से बोहरागांव तथा ग्राम धापला के ग्रामवासियों को आने जाने में सुविधा होगी। साथ ही इस मोटर मार्ग के न्यूनतम भूमि के साथ–साथ न्यूनतम वृक्षों को ही लिया गया है। बिना वन भूमि के मार्ग का निर्माण कर पाना सम्भव नहीं है। क्योंकि एक निश्चित मानकों के आधार पर ही मार्ग का समरेखण तैयार किया गया है। इसलिए भूमि की मांग न्यूनतम एंव औचित्यपूर्ण है।

अतः उपरोक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव गठित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अमीन | कनिष्ठ अभियन्ता<br>प्रा0ख0, लो0नि0वि0,<br>नैनीताल | सहायक अभियन्ता<br>प्रा0ख0, लो0नि0वि0,<br>नैनीताल | अधिशासी अभियन्ता<br>प्रा0ख0, लो0नि0वि0,<br>नैनीताल |